# राजस्थान
# समसामयिकी
# मार्च, 2024

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी मार्च, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 March, 2024

### ■ संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2022 व 2023 के पुरस्कारों की घोषणा की–

हाल ही में संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2022 व 2023 के पुरस्कारों की घोषणा की है, ये पुरस्कार 6 मार्च, 2024 को प्रदान किए गये हैं। इन पुरस्कारों में राज्य के कलाकार प्रियदर्शनी मिश्रा, मोइनुद्दीन खान, दौलत राम वैद, युसुफ खान मेवाती, गफ्फरूद्दीन मेवाती जोगी के भी नाम शामिल हैं। संगीत नाटक अकादमी ने 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व 80 को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार देने की घोषणा की है।

अकादमी की ओर से जयपुर के मोइनुद्दीन खान को शास्त्रीय संगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

प्रियदर्शनी मिश्रा को रंगमंच के क्षेत्र में प्ले राइटिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। वे अब तक देशभर में 40 से अधिक नाटकों में अभिनय कर चुकी हैं। 'कोमल गांधार' और 'सजा' नाटक सबसे चर्चित रहे, जिनसे उन्हें इस क्षेत्र में पहचान मिली।

## Newspaper of 2 March, 2024

### ■ राज्य के सभी विभागों में ई-फाइल मॉड्यूल सिस्टम लागू हुआ–

1 मार्च, 2024 से राज्य के सभी विभागों में ई-फाइल मॉड्यूल सिस्टम लागू कर दिया गया है। यह व्यवस्था राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कामकाज में पारदर्शिता और समय सीमा में कार्य सम्पन्न होने के लिए लागू की है। अब ई-फाइल सिस्टम लागू होने से सारा कामकाज ऑनलाइन होगा और ऑनलाइन ही अधिकारियों के हस्ताक्षर और टिप्पणियाँ होंगी। सरकार का राजकाज पोर्टल भी इससे जुड़ा है।

## Newspaper of 6 March, 2024

### ■ राजस्थान के 7 शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी; वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्तीय स्वीकृति जारी की–

हाल ही में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की है। राज्य सरकार सात शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसें संचालित करेगी। इनमें जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, भरतपुर एवं उदयपुर को शामिल किया गया है। इस पर 105 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। इन बसों का संचालन एवं रखरखाव स्वायत्त शासन विभाग की ओर से कंवर्जेन्स एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के माध्यम से किया जाएगा।

**विभिन्न शहरों में निम्न अनुपात में चलेंगी बसें–**

| **शहर** | | **बसों की संख्या** |
|---|---|---|
| जयपुर | – | 300 बसें |
| जोधपुर | – | 70 बसें |
| कोटा | – | 50 बसें |
| उदयपुर | – | 35 बसें |
| अजमेर | – | 30 बसें |
| बीकानेर | – | 15 बसें |
| भरतपुर | – | 15 बसें |

**ई-बसों के चलने से निम्न फायदा होगा–**

- पर्यावरण प्रदूषण कम होगा।
- सार्वजनिक परिवहन की संख्या बढ़ने से लोग इसमें सफर करने के लिए आगे आएंगे।
- निजी वाहनों की सड़कों पर भीड़ कम होगी।
- पेट्रोल-डीजल की बचत होगी।
- मौजूदा बस प्रति किलोमीटर यात्रा में औसतन 1.3 किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्पन्न करती है, जबकि इलेक्ट्रिक बस इससे मुक्त है।
- ध्वनि प्रदूषण में भी कमी होगी, क्योंकि सामान्य बसों के संचालन में ही आवाज होती है।

## Newspaper of 8 March, 2024

### ■ 7 मार्च, 2024 को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में पुणे से 1400 किमी. का सफर कर बाघिन 'भक्ति' पहुँची। 'भक्ति' बाघिन को पुणे से एक्चेंज प्रोग्राम के तहत लाया गया है। 'भक्ति' बाघिन को पुणे के राजीव गांधी जू-लॉजिकल पार्क से लाया गया है। इसके बदले 1 मेल और 2 फीमेल वुल्फ वहाँ दिये गए हैं।

## Newspaper of 9 March, 2024

### भारत और जापान के बीच सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का समापन हुआ–

8 मार्च, 2024 को बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और जापान के बीच सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का समापन हुआ। इससे पहले 48 घंटे का लगातार अभ्यास किया गया। दोनों देशों के 40 सैनिकों ने फायरिंग, ऑपरेशनल गतिविधि, आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन और युद्ध के दौरान दुश्मन पर हमला करने का अभ्यास किया। इस दौरान डॉग स्क्वॉयड के श्वानों का भी इस्तेमाल किया गया। यह अभ्यास 25 फरवरी से शुरू हुआ तथा 8 मार्च 2024 तक चला। इसमें जापान की 34वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा भारत की 19वीं राजपूताना राइफल्स बटालियन के सैनिकों ने भाग लिया। इसमें दोनों देशों के सैनिकों ने एक-दूसरे के हथियारों की जानकारी ली और सैन्य तकनीक साझा की।

## Newspaper of 11 March, 2024

### विद्युत निगमों और केन्द्रीय उपक्रमों के बीच 5 एमओयू और एक पीपीए पर हस्ताक्षर हुए; ऊर्जा क्षेत्र में 1.60 लाख करोड़ का निवेश होगा–

10 मार्च, 2024 को थर्मल और अक्षय ऊर्जा उत्पादन के नए प्रोजेक्ट के लिए विद्युत निगमों और केन्द्रीय उपक्रमों के बीच पाँच एमओयू और एक पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए।

**एमओयू और पीपीए इन प्रोजेक्ट पर हुए–**

- थर्मल पावर प्लांट (3325 मेगावाट)–राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के साथ कोल इंडिया लि., एनटीपीसी तथा एनएलसी इंडिया के मध्य।
- रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट (28500 मेगावाट)–विद्युत उत्पादन निगम, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में एमओयू।
- **बिजली ट्रांसमिशन सिस्टम**–राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के बीच एमओयू।
- सोलर एनर्जी प्लांट (600 मेगावाट)–राजस्थान ऊर्जा विकास निगम और एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी के बीच इसे लेकर पीपीए होगा।

इस निवेश के बाद राजस्थान बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन सकेगा। निम्नलिखित कंपनियाँ निवेश करेंगी–

- **एनटीपीसी** – 1.16 लाख करोड़ रुपए
- **कोल इंडिया लि.** – 26,700 करोड़ रुपए
- **एनएलसी इंडिया लि.** – 5050 करोड़ रुपए
- **पावर ग्रिड कॉरपोरेशन** – 10,000 करोड़ रुपए
- **एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी** – 2,250 करोड़ रुपए

## Newspaper of 12 March, 2024

### राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) को बस परिवहन उत्कृष्टता अवार्ड मिला–

राज्य सड़क परिवहन उपक्रम संघ की ओर से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 64वें वार्षिक सम्मेलन में राजस्थान रोडवेज को राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता अवार्ड के लिए नामित किया गया है। रोडवेज को यह अवार्ड सीमित संसाधनों में भी कार्मिकों द्वारा बेहतर उत्पादकता देने और बेहतर डीजल एवरेज देने के लिए दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना किया; बीमा कवर पूर्व की तरह 10 लाख रुपए का ही रहेगा–

हाल ही में राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना किया है। इसके अन्तर्गत पूर्व की तरह ही 10 लाख रुपए का बीमा कवर मिलेगा। राज्य सरकार के वित्त विभाग के आदेशानुसार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना व राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में शामिल परिवारों के साथ ही पाँचों विद्युत कंपनियों के कर्मियों को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि 1 मई, 2022 को शुरू की गई दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने पर पाँच लाख रुपए और एक से अधिक व्यक्तियों की मौत पर दस लाख रुपए बीमित परिवार को दिए जाएंगे। दुर्घटना में हाथ, पैर या आँख को क्षति पहुँचने पर डेढ़ से तीन लाख रुपए मिल सकेंगे।

## Newspaper of 13 March, 2024

### 12 मार्च, 2024 को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (राजस्थान रोडवेज) के द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार रोडवेज की साधारण और द्रुतगामी (एक्सप्रेस) बसों में 60 से 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अब किराए में 30% के स्थान पर 50% की छूट मिलेगी। राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 में यह घोषणा की गई थी।

### राजस्थानी भाषा के कवि-आलोचक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला–

12 मार्च, 2024 को राजस्थानी भाषा के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित को उनकी राजस्थानी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

काव्यकृति 'पळकती प्रीत' के लिए साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार के अन्तर्गत डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित को एक लाख रुपए का चेक, प्रशस्ति-पत्र, ताम्र फलक एवं श्रीफल प्रदान किया गया।

## Newspaper of 14 March, 2024

■ **राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एण्ड इनोवेशन (रीति) का गठन किया गया–**

राज्य सरकार ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित राजस्थान 2047 के प्लान के तहत राज्य के विकास की नीति, योजनाएँ एवं कार्यक्रमों की क्रियान्विति की समीक्षा कर उनमें सुधार करने के लिए राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एण्ड इनोवेशन (रीति) का गठन किया है। इसका अध्यक्ष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बनाया है।

■ **विशेष योग्यजन के लिए शैक्षणिक हेल्पलाइन स्कूल एट होम लॉन्च हुई–**

13 मार्च, 2023 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने विशेष योग्यजन निदेशालय के अधीन विशेष विद्यालयों के लिए शैक्षणिक हेल्पलाइन स्कूल एट होम लॉन्च की।

स्कूल एट होम कार्यक्रम एक समावेशी शैक्षिक पहल है, जो स्कूली शिक्षा को सीधे दिव्यांग जन बच्चों और वंचित छात्रों के घरों तक बिना इंटरनेट और बिना स्मार्टफोन के पहुँचाता है। इसमें 12वीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम के साथ सह-पाठ्यक्रम शैक्षिक कार्यक्रमों, ऑनलाइन कक्षाओं को समाहित किया गया है।

## Newspaper of 16 March, 2024

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में 12 स्थानों पर पेनोरमा, स्मारक, संग्रहालय आदि के निर्माण की घोषणा की–**

15 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहर एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के उद्देश्य से 12 स्थानों पर पेनोरमा, स्मारक, संग्रहालय आदि के निर्माण एवं विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें–

- **करौली जिले के महावीर जी में श्रीमहावीर जी पेनोरमा**
- **अजमेर में जैन मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज पेनोरमा**
- **डीडवाना-कुचामन के कालवा में श्रीभक्त शिरोमणि करमा बाई पेनोरमा**
- **बीकानेर के कतरियासर में श्री जसनाथ जी पेनोरमा**
- **बालोतरा के बायतू में श्रीखेमा बाबा पेनोरमा**
- **चित्तौड़गढ़ में श्री भामाशाह पेनोरमा**
- **जोधपुर में श्री राव चन्द्रसेन पेनोरमा**
- **भरतपुर में श्री गोकुला जाट पेनोरमा**
- **जैसलमेर में जैसलमेर पेनोरमा**

इनका निर्माण राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा करवाया जाएगा।

इनके अलावा श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग, जयपुर जिले में स्वातंत्र्य वीर संग्रहालय और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में गांवों के योगदान की स्मृति में 'स्वातंत्र्य गाँव' स्मारक का निर्माण किया जाएगा।

## Newspaper of 28 March, 2024

■ **व्यस्त एयरपोर्ट की सूची में जयपुर एयरपोर्ट का 12वां नम्बर–**

जयपुर एयरपोर्ट यात्री भार की व्यस्तता के मद्देनजर देश के टॉप 15 एयरपोर्ट में शामिल है। जयपुर एयरपोर्ट से फरवरी माह में 4.79 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। जयपुर एयरपोर्ट का व्यस्त एयरपोर्ट की सूची में 12वाँ स्थान रहा है। जुलाई, 2024 से यहाँ टर्मिनल-1 भी शुरू होगा।

**देश के व्यस्त एयरपोर्ट एवं उनका यात्री भार**

| एयरपोर्ट | | यात्रीभार (फरवरी, 2024) |
|---|---|---|
| 1. दिल्ली एयरपोर्ट | – | 62.74 लाख |
| 2. मुंबई एयरपोर्ट | – | 45.51 लाख |
| 3. बेंगलुरू एयरपोर्ट | – | 30.46 लाख |
| 4. हैदराबाद एयरपोर्ट | – | 20.77 लाख |
| 5. चेन्नई एयरपोर्ट | – | 17.51 लाख |
| 6. कोलकाता एयरपोर्ट | – | 15.84 लाख |
| 7. अहमदाबाद एयरपोर्ट | – | 10.03 लाख |
| 8. कोचीन एयरपोर्ट | – | 8.01 लाख |
| 9. पुणे एयरपोर्ट | – | 7.89 लाख |
| 10. गोवा एयरपोर्ट | – | 5.64 लाख |
| 11. लखनऊ एयरपोर्ट | – | 5.19 लाख |
| 12. जयपुर एयरपोर्ट | – | 4.78 लाख |

□□□


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## पशु परिचर एवं LDC परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें




**10 संभागों एवं 50 जिलों पर आधारित पूर्णत: नवीनतम अंक उपलब्ध**

## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com